भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 490
गुरुवार, 28 नवंबर, 2024/7 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

रूपसी विमानपत्तन का विकास

490. श्री जयन्त बसुमतारी:
क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या सरकार को असम के बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र में रूपसी विमानपत्तन के उन्नयन/विकास/विस्तार के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या वर्तमान में सुरक्षा जांच और अन्य विमानपत्तन सुरक्षा का प्रबंधन असम पुलिस द्वारा किया जा रहा है;

(घ) क्या सरकार सुरक्षा उपायों के मद्देनजर उक्त विमानपत्तन की सुरक्षा को सीआईएसएफ या किसी अन्य केंद्रीय सुरक्षा बल को सौंपने पर विचार कर रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख): भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने रूपसी हवाई अड्डे के उन्नयन के लिए असम सरकार से 200 एकड़ भूमि का अनुरोध किया है।

(ग) से (ङ): रूपसी हवाईअड्डे पर असम पुलिस तैनात है। खतरे की आशंका के आधार पर, गृह मंत्रालय हवाईअड्डे को सीआईएसएफ सुरक्षा कवर के अंतर्गत लाने की सिफारिश करता है। वर्तमान में, रूपसी हवाईअड्डे की सुरक्षा सीआईएसएफ को सौंपने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

******